# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

रांची के धुर्वा स्थित मौसीबाड़ी से पिछले 2 जनवरी से लापता हुए दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। राज्य की पुलिस महानिदेशक तदासा मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया की रामगढ़ जिले से दोनों बच्चों को बरामद कर लिया गया है। बच्चे अपने माता–पिता के साथ हैं। उन्होंने बताया कि एडीजी मनोज कौशिक के नेतृत्व में गठित टीम ने कड़ी मेहनत के बाद बच्चों को बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बच्चा चोर गिरोह के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले का अनुसंधान फिलहाल जारी है। आने वाले दिनों में कई अहम जानकारियां भी मिलेंगी।

********************

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गांव से कस्बों तक रहने वाले लोगों को अवगत कराया जाएगा। एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिलने से लाखों कार्यकर्ताओं में एक भाव जगा है की आने वाले दिनों में किसी न किसी दिन वह भी प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर पूरा कर सकते हैं।

********************

खूंटी के रनिया प्रखंड की खटखुरा पंचायत के कुरूत गांव में मंगलवार की शाम बिजली करंट की चपेट में आने से सुरेश सिंह नामक युवक की मौत हो गई। गांव वालों के अनुसार, सुरेश सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

********************

मकर संक्रांति का पर्व धनबाद सहित पूरे कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आज पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दो दिवसीय मकर संक्रांति होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ कम रही। सुबह होते ही कोयलांचल की जीवनदायिनी नदियों बराकर और दामोदर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मोहलबनी स्थित दामोदर नदी घाट आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर भगवान भास्कर (सूर्य देव) को अर्घ्य अर्पित किया और सुख–शांति व समृद्धि की कामना की।

********************

मकर संक्रांति के मौके पर पाकुड़िया प्रखंड के सीतपुर गरम कुंड में हजारों की संख्या में सफा होड़ आदिवासियों ने डुबकी लगाई और भगवान शिव पार्वती, सीता राम की पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया। मौके पर गरम पानी मेला में  श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी किया  और मनोरंजन के साधनों का लुफ्त उठाया। इस मेले में झारखंड के अलावे असम, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा सहित कई राज्यों से आदिवासी श्रद्धालु स्नान एवं पूजा अर्चना करने पहुंचे हैं।

********************

देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में मकर संक्रांति का पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहे।

इधर, चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद  कालीचरण सिंह ने आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र स्थित बलबल मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर माता बागेश्वरी मंदिर में पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की।

********************

राज्य में आज भी कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला। राज्य का सबसे ठंडा जिला गुमला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तर–पश्चिम, मध्यवर्ती और दक्षिणी जिलों में कहीं–कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*******